अर्ली स्टेप प्रीस्कूल में मनाया वार्षिक उत्सव ज्ञान कुंज

स्टेज पर प्रस्तुति देने से बढ़ता है छोटे-छोटे बच्चों का मनोबल : जसबीर पंजेटा

तेजयुग न्यूज/नरेश गर्ग

लाडवा: शहर की महावीर कॉलोनी में स्थित अर्ली स्टेप प्रीस्कूल में वार्षिक उत्सव धूमधाम से मनाया गया। जिसमें जिला परिषद वार्ड नंबर 7 के सदस्य एवं जजपा हलका प्रधान जसबीर पंजेटा ने मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की और दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारंम्भ किया। स्कूल की प्राचार्य ने कार्यक्रम के दौरान स्कूल की गतिविदियों के बारे में विस्तार से बताया।

जसबीर पंजेटा ने बच्चों व स्कूल कार्यक्रम में आए अभिभावकों को संबोधित करते हुए कहा कि इन छोटे-छोटे बच्चों ने जो आज कार्यक्रम के दौरान अपनी-अपनी प्रस्तुति दी है, उसकी जितनी सराहना की जाए उतनी कम है। क्योंकि स्टेज पर प्रस्तुति देने से बच्चों का मनोबल बढ़ता है। उन्होंने कहा कि स्कूल स्टाफ ने जो मेहनत इन छोटे-छोटे बच्चों के लिए की है, वह भी बधाई के पात्र है। उन्होंने कहा कि स्टेज पर बड़े-बड़े बच्चे तो कोई भी कार्य कर सकते हैं, परंतु इतने छोटे बच्चों द्वारा इतनी सुंदर प्रस्तुति देना एक अपने आप में काबिले तारीफ कार्यक्रम है। वहीं स्कूल की प्राचार्य सोनिया गोयल द्वारा स्कूल का एक वर्ष का रिपोर्ट कार्ड अभिभावकों व मुख्य अतिथि के सामने पेश किया गया। वहीं मौके पर पहुंचे जसबीर पंजेटा को स्कूल मैनेजमेंट की ओर से समृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। वहीं मौके पर आए अन्य अतिथियों को भी समृति चिन्ह दिए गए। बच्चों द्वारा रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। जिसे देखकर अभिभावक भी मंत्र मुग्ध हो गए, इस अवसर पर महेश गोयल, संदीप गोयल, सुभाष जिंदल, मनीष भारद्वाज, रूबी शर्मा, पूनम सैनी, रजनी, ममतेश, सुनीता, गीता, ममता, अनीता, लक्ष्मी सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

बच्चों को आगे बढ़ने के लिए लक्ष्य को निर्धारित करना जरूरी : विक्रमजीत सिंह चीमा

तेजयुग न्यूज/राजेश कुमार

पिपली : ब्लॉक समिति पिपली के चेयरमैन विक्रमजीत सिंह चीमा ने कहा कि किसी भी व्यक्ति को आगे बढने् के लिए अपने लक्ष्य को निर्धारित करना जरूरी है। तभी व्यक्ति अपने जीवन में आगे बढ़ सकता है। उन्होंने कहा कि जीवन में पास-फेल होना कोई मायने नहीं रखता। लेकिन इस सोच को बदलने के लिए हमें अपनी नियत और नियति को सही रखना होगा। चीमा राजकीय प्राथमिक विद्यालय मोरथला में बच्चों के वार्षिक परीक्षा परिणाम में मुख्यतिथि के रूप में बोल रहे थे। मंच का संचालन अध्यापिका सुमन दहिया द्वारा बखूबी किया गया।

चीमा ने कहा कि बच्चों में शिक्षा के साथ साथ अच्छे संस्कार भी होने चाहिएं। जो व्यक्ति को आगे बढ़ाने में बेहद करारगर साबित होते हैं। बच्चे को संस्कार देने में अध्यापकों के साथ अभिभावकों का भी अहम योगदान होता है। इस दौरान चीमा ने विद्यालय में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले बच्चों को स्टेशनरी का समान देकर सम्मानित किया है। इसके साथ ही अभिभावकों को आश्वासन दिया कि पढ़ाई में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बच्चों को उनकी ओर से हर संभव सहयोग देने का काम किया जाएगा। चीमा ने कहा कि आज के बच्चे कल का भविष्य हैं। जो आगे पढ़ लिखकर राष्ट्र निर्माण में अहम भूमिका अदा करते हैं।

उन्होंने बच्चों को प्रेरित करते हुए कहा कि वे नशे जैसी बुराईयों से दूर रहकर खेलों के माध्यम से अपने अंदर छुपी प्रतिभा को उजागर करने का काम करें। कार्यक्रम के समापन पर मुख्यतिथि चीमा को विद्यालय स्टॉफ व एस.एम.सी. सदस्यों द्वारा स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। चीमा ने विद्यालय के स्टॉफ की सराहना भी की। इस मौके पर स्कूल इंचार्ज शारदा देवी,जसवंत सिंह,एस.एम.सी. प्रधान रीना उपाध्यक्ष संगीता,बलिंद्र सिह दुधला, पंच उमा,करमो देवी, राजेश कुमार,रिंकु, कुसुम ,आाश देवी, सोनिया खान, निर्मला,ऋतु रानी,सुदेश आर्य, संतोष, काजल सहित अनेकों गणमान्य व्यक्ति गण मौजूद थे।

भाजपा नेता संदीप गर्ग ने सीएम नायब सिंह सैनी से मुलाकात कर कई मुद्दों पर चर्चा की

तेजयुग न्यूज/नरेश गर्ग

लाडवा: भाजपा नेता एवं समाजसेवी संदीप गर्ग ने चंडीगढ़ में हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी से मुलाकात कर लाडवा हल्के के अटके हुए विकास कार्यो को करवाने के लिए आग्रह किया व कई मुद्दों पर बातचीत की। भाजपा नेता संदीप गर्ग ने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी से मुलाकात कर उन्हें करनाल उपचुनाव में प्रत्याशी बनने को लेकर बधाई दी और कहा कि जीत भी नायब सिंह सैनी की ही होगी।

क्योंकि मुख्यमंत्री नायब सैनी से जनता बहुत प्यार करती है और नायब सिंह सैनी भी जनता को साथ लेकर चलने वाले व्यक्ति है। वहीं उन्होंने मुख्यमंत्री को लाडवा हल्के के अधूरे पड़े विकास कार्यो के बारे में अवगत करवाया। उन्होंने कहा कि लाडवा की सबसे बड़ी समस्या जो है वह बाईपास की है, जल्द से जल्द आचार संहिता हटने के बाद लाडवा से बाईपास निकलवाने की घोषणा की जानी चाहिए। इसके साथ-साथ लाडवा हल्के में महिला कॉलेज नहीं है। जिसके कारण हल्के की लड़कियों को दूसरे जिलों में शिक्षा ग्रहण करने के लिए जाना पड़ता है और बसों में आने-जाने में लड़कियों व महिलाओं को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। इसके अलावा अन्य मुद्दों पर उन्होंने मुख्यमंत्री नायब सैनी को अवगत करवाया। वहीं मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने उन्हें आश्वासन दिया कि लोकसभा चुनाव के बाद लाडवा ही नहीं पूरे हरियाणा में तेज गति से विकास कार्य करवाए जाएंगे और लाडवा हल्के के जो काम अधूरे पड़े हैं उन्हें जल्द से जल्द पूरा करवाया जाएगा।

शिक्षा व खेलों में विद्यार्थियों ने स्कूल व गांव का नाम देश-प्रदेश में किया रोशन : खुशी राम

कहा, असफ़लता से विद्यार्थी निराश न हों और सफल विद्यार्थियों से लें प्रेरणा

तेजयुग न्यूज/कृष्ण प्रजापति

कैथल : सनराइज सीनियर सेकेंडरी स्कूल माघो-माजरी में आज वार्षिक समारोह का आयोजन किया गया जिसमें विद्यार्थियों ने अनेक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी और सांस्कृतिक कार्यक्रम से समां बांधा। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के मैनेजिंग डायरेक्टर खुशीराम दलाल ने और विभिन्न क्षेत्रों से आए अतिथियों ने मां सरस्वती की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित करके किया। कार्यक्रम में युवराज व रामा ग्रुप ऑफ़ कॉलेज के एमडी सुभाष संधू ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। इसके अलावा जनता हॉस्पिटल कैथल के संचालक डॉ. अश्वनी गोयत, कुलदीप पुनिया प्रधान प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन कैथल, जोगेंद्र ढुल प्रधान हरियाणा प्राइवेट स्कूल संघ, समाजसेवी और हरियाणा पुलिस के जवान सुनील संधू ने विशिष्ट अतिथि के तौर पर शिरकत की।

इसके साथ-साथ नरडांचल स्कूल के एमडी सुरेश कुमार नैन, शिशु निकेतन स्कूल के एमडी रघुवीर भूना, ऑक्सफोर्ड स्कूल से सुमित कुमार, एवरग्रीन स्कूल से मनोज गर्ग, पठानिया स्कूल से नरेंद्र पठानिया, होली चाइल्ड स्कूल से अशोक अरोड़ा, श्रीकृष्णा पब्लिक स्कूल दयोहरा से सोहनलाल, सरस्वती स्कूल नौच से सुरेश कुमार ने भी विशेष तौर पर शिरकत की। कार्यक्रम में हरिंदर चेयरमैन, लोकेंद्र गिल, सरपंच प्रतिनिधि राजकुमार फौजी, बलजीत नंबरदार, रोशन नंबरदार, जोगी नंबरदार, होशियार पंघाल, पवन दलाल, नवीन दलाल, दलवीर दलाल, सतीश शर्मा, राकेश बंसल, पवन शर्मा, एडवोकेट सुरेश मान, तरसेम भाल, जसबीर भाल, कमल धीमान, मानसरोवर पेट्रोल पंप के संचालक अमृत सिंह, लायन क्लब के प्रधान एडवोकेट गोपाल भट्ट, मनोज क्वात्रा, हरचरण छाबड़ा आदि ने अतिथि के तौर पर शिरकत की। कार्यक्रम में बच्चों ने लघु नाटिका के माध्यम से समाज के असली हीरोज के कार्यो की प्रशंसा और जवान-किसान की कद्र करने का आवाहन किया। वहीं इस दौरान विद्यालय में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पर आने वाले विद्यार्थियों को (छात्रा कोमल व कशिश को) स्कूटी देकर और साइकिल देकर सम्मानित किया गया। वही कार्यक्रम में सभी प्रतिभागियों को भी स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया गया।

प्रसिद्ध हास्य कलाकार डॉ. राजीव शर्मा ने भी शिव स्तुति से कार्यक्रम को भक्तिमय बनाया।विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए विद्यालय के एमडी खुशीराम दलाल ने कहा कि विजेता विद्यार्थियों से दूसरे विद्यार्थियों का भी मनोबल बढ़े, इसी उद्देश्य से उनको सम्मानित किया जाता है और वे विद्यार्थी आगे भी लगन और परिश्रम से पढ़ाई करें इसके लिए प्रेरित किया जाता है। वहीं उन्होंने कहा कि कोई भी विद्यार्थी असफलता से निराशा न हो, उन्हें भी निरंतर सफलता करने के लिए प्रेरित किया जाता है। खुशीराम दलाल ने कहा कि पिछले 23 वर्षों से उन्होंने ग्रामीण आँचल में स्कूल शुरू करके शिक्षा के क्षेत्र में सेवा कार्य शुरू किया था, आज आसपास के क्षेत्र में लोगों के सहयोग से स्कूल में सैकड़ो विद्यार्थी शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि जिले में शिक्षा व खेल के मामले में स्कूल का नाम विद्यार्थियों ने नाम रोशन किया है। इस मौके पर राम पुनिया, अजय धारिवाल, योगेश गिल, विक्रम, कृष्णा पुनिया, हरजिंदर कौर, मनप्रीत कौर, मनदीप कौर, सिमरन कौर, पूजा गिल, सुखविंदर पुनिया, मोनिया धीमान, शालू, नरेश सिंगला, तनु नांदल, रवीना पंगाल, ममता बैनीवाल, सविता बेरवाल, पुष्पा, अंजू प्रजापति, कुसम खेत्रपाल, निशु दलाल, आर्यन दलाल आदि उपस्थित रहे।

संक्षिप्त समाचार

प्रदेश के 4500 निजी स्कूलों पर लटकी तलवार

निसा ने अफसरशाही की मनमानी के खिलाफ खोला मार्चा, कोर्ट का खटखटाएंगे दरवाजा

चंडीगढ़। प्रदेश के 4500 निजी स्कूलों पर बंद होने का खतरा मंडरा रहा है। नेशनल इंडिपेंडेंट स्कूल्स अलायंस (निसा) ने प्रदेश की अफसरशाही की कार्यशैली के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। निसा 4500 स्कूलों को बंद होने से बचाने के लिए कोर्ट की शरण लेगी। शुक्रवार को नेशनल इंडिपेंडेंट स्कूल्स अलायंस (निसा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष और फेडरेशन ऑफ प्राइवेट स्कूल्स वेलफेयर एसोसिएशन हरियाणा के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. कुलभूषण शर्मा ने पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि शिक्षा में अहम भूमिका निभाने वाले प्राइवेट स्कूल्स गलत नीतियों के कारण अफशरशाही का शिकार हो गए हैं। इसके चलते प्रदेश के करीब 4500 प्राइवेट स्कूल्स पर तलवार लटक रही है। यह स्कूल बंद होने की कगार पर पहुंच गए हैं। डॉ. कुलभूषण शर्मा ने कहा कि गलत नीतियों के कारण हजारों की संख्या में प्राइवेट स्कूल्स और उनसे जुड़े एक लाख अध्यापक और क्लास फोर कर्मचारी का भविष्य अंधकारमय हो गया है। डॉ. शर्मा ने कहा कि सरकार कहती है कि वह दो पारियों में स्कूल चला लेंगे। सच्चाई है कि अनेक सरकारी स्कूल इस तरह के हैं जिनमें सिर्फ एक कमरा है। तमाम सरकार स्कूली में बुनियादी सुविधाओं का आभाव है।एक तरफ सरकार कहती है कि वह बंद होने वाली निजी स्कूलों के बच्चों को सरकारी स्कूलों में पढ़ा लेगी। मेरा मानना है कि यह तानाशाही का रवैया है। हिसार से संतोष भार्गव ने कहा कि गलत निर्णयों के कारण शिक्षा के क्षेत्र में अराजकता का माहौल बन गया है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी को चाहिए कि वह इस पूरे मामले में संज्ञान ले कर मामले को हल करने की दिशा में कार्रवाई करें। हरियाणा में अफसरशाही पर लगाम कसे जाने की जरूरत है। जिन लोगों ने इस मामले में गलत एफिडेविट दिया है उस पर सरकार संज्ञान ले।

सरसों खरीद के लिए मंडी में सभी तैरियां पूरी

चंडीगढ़। कनीना मंडी में सरसों की खरीद के लिए खरीद एजेंसी स्टेट वेयर हाऊस को नियुक्त किया गया है। जो सरकार द्वारा निर्धारित समर्थन मूल्य 5650 रूपये प्रति क्विंटल की दर से खरीद करेगी। सरकारी आदेशों के मुताबिक 26 मार्च से सरसों की खरीद की जानी थी लेकिन मंडी में उपलब्ध नहीं होने के चलते खरीद शुरू नहीं की जा सकी है। मार्केट कमेटी कनीना की सचिव नकुल यादव ने बताया कि महेंद्रगढ जिले की छह मंडियों कनीना,महेंद्रगढ,अटेली, सतनाली,नारनौल व नांगल चौधरी में खरीद की जाएगी। जिसकी सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। कनीना की नई आनाज मंडी चेलावास में खरीद एजेंसी तथा मार्केट कमेटी कर्मचारी सरसों आवक का इंतजार कर रहे हैं। मंडी में किसानों की सुविधा के लिए हैल्पडेस्क स्थापित किया गया है जहां किसान फसल बेचने सम्बंधी जानकारी प्राप्त कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि गेहूं की खरीद 1 अप्रैल से शुरू होगी। गेहूं का समर्थन मूल्य 2275 रूपये प्रति क्विंटल निर्धारित किया गया है। उन्होंने कहा कि जिन किसानों ने फसल पोर्टल पर ऑनलाईन की हुई है ओर वेरिफिकेशन सही पाई गई है उनकी फसल एमएसपी पर खरीदी जाएगी। विदित रहे कि कनीना क्षेत्र में करीब 70-80 फीसदी सरसों की कटाई हो चुकी है जबकि 20 फीसदी भंडारण किया जा चुका है। सर्दी की चपेट में आने से सरसों की पैदावार में करीब 30-40 फीसदी नुकसान का अनुमान है। अधिकांश किसान खेत से ही व्यापारियों को सरसों बेच रहे हैं।

एक अप्रैल को प्रदेशाध्यक्ष जितेंद्रपाल मल्होत्रा अपने घर से बूथ तक भाजपा ध्वज लगाने की करेंगे शुरुआत

कहा, असफ़लता से विद्यार्थी निराश न हों और सफल विद्यार्थियों से लें प्रेरणा

तेजयुग न्यूज/सुनील कुमार पांडेय

चंडीगढ़। हर हर मोदी घर घर ध्वज अभियान एक अप्रैल से शुरु होगा और भाजपा के स्थापना दिवस 6 अप्रैल तक जारी रहेगा। इस अभियान को सफल बनाने के लिए प्रत्येक कार्यकर्ता को भाजपा ध्वज वितरण किए जाएंगे,ताकि वे भारतीय जनता पार्टी का ध्वज घर से लेकर अपने आफिस और प्रतिष्ठानों पर लगाकर इस अभियान को सफल बना सके। यह जानकारी चंडीगढ़ भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष जितेंद्रपाल मल्होत्रा ने दी। उन्होंने बताया कि एक अप्रैल को इस अभियान की शुरुआत वह अपने आवास पर भाजपा का ध्वज लगाकर करेंगे। इसके बाद बूथ स्तर पर ध्वज वितरण और लगाने का सिलसिला शुरु होगा।

लोकसभा चुनाव की तैयारियों के बीच भाजपा के स्थापना दिवस लेकर लगातार मैराथन बैठकें जारी हैं।चुनाव समिति और प्रमुख नेताओं के साथ हुई बैठकों में बड़े अंतर से चुनाव जीतने की रणनीति बनाई गई है।चंडीगढ़ में ऐतिहासिक जीत दर्ज करके प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी को कमल भेंट करने का काम चंडीगढ़ भाजपा जनता के आशीर्वाद से करने जा रही है। उन्होंने बताया कि चुनाव प्रचार अभियान कमेटी का प्रारुप तैयार है। चुनाव के मद्देनजर पार्टी की ओर से आगामी अभियानों की रूपरेखा और कार्यक्रमों की तैयारियों पर लगातार मंथन चल रहा है। संगठन के प्रमुख नेताओं के साथ कार्यकर्ताओं की लोकसभा चुनाव के लिए जिम्मेदारियां तय की जा रही है। सभी कार्यकर्ताओं में इस बात का जुनून है कि इस बार चंडीगढ़ सीट की जीत को ऐतिहासिक बनाना है। इसलिए सभी पूरी मेहनत से काम करने के लिए जुटे हैं।

भाजपा के प्रदेश महामंत्री हुक्म चंद,अमित जिंदल ने कहा कि भाजपा के स्थापना दिवस की तैयारियों के बीच लोकसभा चुनाव की गतिविधियों का बेहतर ढंग से संचालन करने के लिए सभी कार्यकर्ताओं में उत्साह है। इसके लिए कार्यकर्ता पूरी समर्पण भावना से जुटे हैं और हर बूथ पर जीत दर्ज करने की ठान चुके हैं। वहीं इन्होंने अपील की है कि भाजपा का कार्यकर्ता एक-एक मतदाता तक पहुंचे और पिछले 10 वर्षों में हुए एतिहासिक विकास कार्यों के बारे में जनता को बताएं। चुनावी वातावरण भाजपा के पक्ष में,क्योंकि मोदी की गारंटी पर लोग विश्वास करते हैं। भाजपा विकसित भारत के सपने के साथ आगे बढ़ रही है और तीसरी बार भी मोदी सरकार, 400 पार का संकल्प इस बार के चुनाव में रंग लायेगा।

जींद जिला में सब-इंस्पेक्टर को 35 हजार की रिश्वत लेते रंगे हाथों किया गिरफ्तार

चंडीगढ़ : हरियाणा एंटी करप्शन ब्यूरो की टीम ने देर सांय जींद जिला की पुलिस पोस्ट लुधाना में कार्यरत सब इंस्पेक्टर दिनेश कुमार को 35 हजार रूपये की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफतार किया। आरोपी ने इस रिश्वत की मांग शराब विक्रेता द्वारा चलाई जाने वाली दुकान को सुचारू रूप से चलाने के बदले में की थी जिसे लेते हुए वह रंगे हाथो पकड़ा गया। इस बारे में जानकारी देते हुए सरकारी प्रवक्ता ने बताया कि एंटी करप्शन ब्यूरों की टीम को शिकायत प्राप्त हुई कि वह शराब विक्रेता है और आरोपी सब-इंस्पेक्टर द्वारा उसकी दुकान को सुचारू रूप से चलाने के बदले में प्रत्येक माह 35 हजार रूपये की रिश्वत की मांग की जा रही है। प्राप्त शिकायत की जांच पड़ताल करते हुए एसीबी की टीम ने आरोपी को पकड़ने के लिए योजना बनाई और उसे 35 हजार रूपये की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथो गिरफतार किया। यह पूरी कार्रवाई गवाहों के समक्ष पूरी पारदर्शिता बरतते हुए की गई। आरोपी के खिलाफ करनाल एंटी करप्शन ब्यूरो के पुलिस थाने में विभिन्न धाराओं के तहत मुकद्दमा दर्ज किया गया है।

हाईटेंशन लाइन का तार टूटने से उपले के दो बिटौरे में लगी आग

तेजयुग न्यूज

नरसेना/ऊंचागांव। क्षेत्र के फरीदाबाँगर गांव में हाईटेंशन विद्युत लाइन का तार टूटकर गिरने से उपले के दो बिटौरे में आग लग गई। आग से हजारों रुपये के उपले जलकर राख हो गया। ग्रामीणों ने विद्युत विभाग पर लापरवाही का आरोप लगाया है।

फरीदाबाँगर गांव के ग्रामीणों ने बताया कि शुक्रवार को हाईटेंशन विद्युत लाइन का तार अचानक टूटकर गांव निवासी योगेश, राजेश पुत्रगण चन्द्र सिंह के उपले के बिटौरे पर गिर गया। उस समय तारों में करंट दौड़ रहा था। तार से चिंगारी निकलने पर उपले के दोनों बिटौरे में आग लग गई। आग लगने से योगेश व राजेश के करीब हजारो रुपऐ के उपले जलकर राख हो गए। आग लगने की सूचना पाकर ग्रामीणों मौके के एकत्रित हो गए। ग्रामीणों ने फोन द्वारा बिजली घर सूचना देकर विद्युत सप्लाई बंद कराई

और मिट्टी, पानी डालकर किसी तरह आग पर काबू पाया, लेकिन तब तक हजारों रुपऐ के उपले जल गये। ग्रामीणों का आरोप है कि तार काफी जर्जर हालत में है। शिकायत के बाद भी तारों को बदला नहीं गया। गनीमत रही कि कोई तारों की चपेट में नहीं आया।

भाजपा नेताओं ने रुकवाई हिमाचल प्रदेश को मिलने वाली आर्थिक मदद : सीएम

तेजयुग न्यूज/सुनील कुमार पांडेय

चंडीगढ़: मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा है कि वर्तमान राज्य सरकार ने बिना केंद्र सरकार की मदद के आपदा प्रभावित 25 हजार से अधिक परिवारों को बसाया, जबकि भाजपा नेताओं ने आपदा में भी राजनीति की। उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश ने बीते वर्ष बरसात के मौसम में अभूतपूर्व प्राकृतिक आपदा का सामना किया, भारी बारिश के कारण आई बाढ़ और भू-स्खलन ने जन-जीवन तथा सम्पत्ति को काफी नुकसान पहुंचाया।

राज्य सरकार ने प्रभावित परिवारों को सहायता प्रदान करने के लिए सीमित आर्थिक संसाधनों के बावजूद 4500 करोड़ रुपये का विशेष राहत पैकेज जारी किया। प्रदेश में आई अभूतपूर्व आपदा के बावजूद केंद्र सरकार ने आपदा प्रभावित परिवारों को राहत प्रदान करने एवं उनके पुनर्वास के लिए कोई विशेष आर्थिक पैकेज नहीं दिया। इस आपदा के दौरान हिमाचल प्रदेश के भाजपा नेताओं का राज्य विरोधी चेहरा देखने को मिला। उन्होंने कहा कि प्रभावित परिवारों की मदद करने की बजाय भाजपा नेता केंद्र सरकार की आर्थिक मदद रुकवाने के लिए रोड़े अटकाते रहे। जब विधानसभा में हिमाचल प्रदेश की आपदा को राष्ट्रीय आपदा घोषित करने के लिए राज्य सरकार प्रस्ताव लेकर आई तो भाजपा विधायक तीन दिन तक बड़ी-बड़ी बातें करते रहे। लेकिन जब प्रस्ताव के पक्ष में वोट करने की बारी आई तो भाजपा विधायक प्रस्ताव के विरोध में खड़े हो गए। भाजपा नेताओं की कथनी और करनी लोगों के सामने आ चुकी है और भाजपा नेताओं का सच राज्य की जनता जान चुकी है। वहीं, प्रदेश सरकार ने अपने सीमित संसाधनों से पूरी तरह से क्षतिग्रस्त घर के पुनर्निर्माण के लिए सहायता राशि को 1.30 लाख से बढ़ाकर 7 लाख रुपये, आंशिक रूप से क्षतिग्रस्त कच्चे घरों के लिए सहायता राशि को 6 हजार रुपये से बढ़ाकर एक लाख रुपये, दुकान या ढाबे के नुकसान पर सहायता राशि को 25 हजार रुपये से बढ़ाकर एक लाख रुपये और गौशालाओं को नुकसान होने पर सहायता राशि को 3 हजार रुपये से बढ़ाकर 50 हजार रुपये किया गया है।

शिरोमणि अकाली दल चंडीगढ़ की चुनाव समिति की बैठक में हरदीप बुटेरला को उम्मीदवार बनाने की मांग उठी

लोक सभा चुनाव-2024 के लिए शिरोमणि अकाली दल चंडीगढ़ की 11 सदस्यीय चुनाव समिति की अहम बैठक हुई, जिसमें चुनाव के लिए पार्टी के उम्मीदवार के नाम को अंतिम रूप देने पर चर्चा हुई। अकाली दल के मुख्य प्रवक्ता अजीत सिंह ने बैठक की जानकारी देते हुए बताया कि बैठक में सर्वसम्मति से इस बात पर सहमति बनी कि पार्टी अध्यक्ष सुखबीर सिंह बादल से चंडीगढ़ लोक सभा सीट के लिए किसी भी पार्टी से समझौता न करने का अनुरोध किया जाए।

शिरोमणि अकाली दल चंडीगढ़ के अध्यक्ष हरदीप सिंह बुटेरला को चंडीगढ़ से उम्मीदवार बनाया जाना चाहिए, जो मातृभाषा पंजाबी और सिख मुद्दों के लिए जी जान से संघर्ष कर रहे हैं। श्री बुटेरला एक बहुत ही मेहनती व्यक्ति और ईमानदार नेता हैं जिन्हें लोग बहुत प्यार करते हैं। हरदीप सिंह बुटेरला चंडीगढ़ शहर में पंजाबी मातृभाषा के सम्मान की बहाली के लिए संघर्ष में सक्रिय रूप से भाग लेते हैं तथा चाहे वह किसी अन्य सार्वजनिक हित के मुद्दे को हल करना हो या संघर्ष हो। चंडीगढ़ के गांवों में भी उनका बड़ा जन आधार है। कमेटी ने भरोसा जताया कि इस चुनाव को जीतने का साहस केवल हरदीप सिंह बुटेरला में ही है। इसलिए उन्हें प्रत्याशी घोषित किया जाए।

बड़ी संख्या में नौजवान अकाली में शामिल होने को तैयार : अजीत सिंह

पार्टी के मुख्य प्रवक्ता अजीत सिंह ने एक अलग ब्यान में बताया कि हरदीप सिंह बुटेरला की लोकप्रियता को देखते हुए बड़ी संख्या में युवा अकाली दल में शामिल होने के लिए तैयार हैं। उन्होंने कहा कि कल 30 मार्च को सेक्टर 28 स्थित पार्टी कार्यालय में यूथ अकाली दल के अध्यक्ष सरबजीत सिंह झिंजर के नेतृत्व में बड़ी संख्या में नौजवान यूथ अकाली दल में शामिल होंगे।